भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या 2618
16 दिसंबर, 2025 को उत्तर के लिए

**कर्नाटक में मत्स्यपालन और पशुपालन योजनाएँ**

**2618. श्री एम. मल्लेश बाबू:**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कर्नाटक राज्य को नीली क्रांति योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) और पूर्ववर्ती मत्स्य विकास योजनाओं के अंतर्गत वर्ष 2004-05 से जारी केंद्रीय सहायता निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) कर्नाटक में केंद्रीय योजनाओं के अंतर्गत अंतर्देशीय, समुद्री और खारे जल के मत्स्य विकास के लिए सहायता प्राप्त लाभार्थियों, सहकारी समितियों और स्वयं सहायता समूहों की कुल संख्या कितनी है;
(ग) कर्नाटक में स्थापित या उन्नत किए गए पशु चिकित्सा अस्पतालों, औषधालयों, मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों, कृत्रिम गर्भाधान केंद्रों और प्रजनन फार्मों की संख्या कितनी है और इनके स्थान का ब्यौरा क्या है;
(घ) देश के समग्र मत्स्यपालन क्षेत्र में कर्नाटक का वर्ष 2004-05 से कुल मछली उत्पादन, निर्यात मूल्य और योगदान कितना है; और
(ङ) तटीय जिलों दक्षिण कन्नड़, उडुपी, उत्तर कन्नड़ और कारवार में पीएमएमएसवाई और अन्य संबंधित योजनाओं के अंतर्गत निर्मित अवसंरचना का ब्यौरा क्या है और मछली पकड़ने के बंदरगाह, मछली उतारने के केंद्र, शीत शृंखला सुविधाएं और प्रसंस्करण इकाइयों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**

**(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)**

(क) ब्लू रेवोल्यूशन स्कीम, प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (PMMSY) और 2004-05 से पहले की मात्स्यिकी विकास योजनाओं के तहत कर्नाटक सरकार को जारी की गई केंद्रीय सहायता निधियों का वर्ष-वार विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

(ख): मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के तहत, संबंधित राज्य सरकारों द्वारा अंतिम स्तर के लाभार्थियों (एंड लेवल बेनीफिशियरीस) की पहचान की जाती है। कर्नाटक राज्य सरकार ने सूचित किया है कि 2020-2025 के दौरान PMMSY के तहत कर्नाटक में अंतर्देशीय, समुद्री और खारे पानी की मात्स्यकी विकास के तहत सहकारी समितियों और स्वयं सहायता समूहों सहित कुल 4538 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है।

(ग): पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD), भारत सरकार ने सूचित किया है कि पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम/लाइवस्टॉक हेल्थ एंड डिज़ीज़ कंट्रोल प्रोग्राम (LHDCP) के 'वेटरनरी हॉस्पिटल और डिस्पेंसरी-मोबाइल वेटरनरी यूनिट्स की स्थापना और सुदृढ़ीकरण' (ESVHD-MVU) के तहत किसानों के घर पर निदान, उपचार प्रदान करने के लिए मोबाइल वेटरनरी यूनिट्स (MVUs) के संचालन के लिए कर्नाटक सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यह सूचित किया गया है कि वर्तमान में राज्य में 697 वेटरनरी हॉस्पिटल/पॉलीक्लिनिक, 2,176 वेटरनरी डिस्पेंसरी और 275 मोबाइल वेटरनरी यूनिट्स (MVUs) कार्य कर रही हैं। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, वर्तमान में कर्नाटक में 7119 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र/आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन सेंटर और 21 ब्रीडिंग फार्म हैं।

(घ): मात्स्यिकी क्षेत्र के मामले में कर्नाटक संभावित राज्यों में से एक है और देश के मात्स्यिकी क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देता है। कर्नाटक सरकार ने सूचित किया है कि कर्नाटक सरकार का मत्स्य उत्पादन 2004-2005 में 2.51 लाख टन से बढ़कर 2024-25 के दौरान 9.63 लाख टन हो गया है। इसके अलावा, कर्नाटक से मत्स्य और मात्स्यिकी उत्पादों का निर्यात मूल्य 2004-05 में 76.92 करोड़ रुपए से बढ़कर 2023-24 में 4048 करोड़ रुपए हो गया है। अभी कर्नाटक देश के मत्स्य उत्पादन में लगभग 5% और देश की निर्यात मूल्य (एक्सपोर्ट वैल्यू) में लगभग 7% का योगदान देता है।

(ड़): PMMSY और भारत सरकार की अन्य संबंधित योजनाओं के तहत, परियोजनाओं को संबंधित राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर स्वीकृति दी जाती है। कर्नाटक सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, कर्नाटक के तटीय जिलों में PMMSY और अन्य संबंधित योजनाओं के तहत बनाए गए इंफ्रास्ट्रक्चर का विवरण अनुबंध-II में दिया गया है।

**अनुबंध I**

**'कर्नाटक में मत्स्यपालन और पशुपालन योजनाएँ' के संबंध में 16 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2618 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण :**

**रुपए लाख में**

| **वर्ष** | **जारी केंद्रीय फंड** |
|---|---|
| **पूर्व योजनाएँ** | |
| 2004-2009 | 6663.51 |
| 2010-2014 | 6913.17 |
| **ब्लू रेवोल्यूशन स्कीम** | |
| 2015 | 2352.58 |
| 2016 | 2870.54 |
| 2017 | 3324.31 |
| 2018 | 5847.28 |
| 2019 | 2330.61 |
| **PMMSY योजना** | |
| 2020 | 6235.30 |
| 2021 | 9884.43 |
| 2022 | 6608.00 |
| 2023 | 2981.36 |
| 2024 | 3793.06 |
| 2025 | 1421.08 |

**अनुबंध II**

**'कर्नाटक में मत्स्यपालन और पशुपालन योजनाएँ' के संबंध में 16 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2618 के भाग (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण:**

**यूनिट्स संख्या में**

| **क्रम. संख्या** | **घटक** | **दक्षिण कन्नड़** | **उडुपी** | **उत्तर कन्नड़** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फिशिंग हार्बर का आधुनिकीकरण और अपग्रेड करना | 1 | 2 | 0 |
| 2 | रखरखाव ड्रेजिंग | 0 | 0 | 3 |
| 3 | 50 टन क्षमता वाले आइस प्लांट/कोल्ड स्टोरेज का निर्माण | 7 | 10 | 1 |
| 4 | 30 टन क्षमता वाले आइस प्लांट/कोल्ड स्टोरेज का निर्माण | 0 | 4 | 2 |
| 5 | 20 टन क्षमता वाले आइस प्लांट/कोल्ड स्टोरेज का निर्माण | 2 | 0 | 2 |
| 6 | आइस प्लांट/कोल्ड स्टोरेज के आधुनिकीकरण एवं निर्माण | 11 | 13 | 5 |
| 7 | रेफ्रिजेरेटेड वेहिकला की खरीद | 4 | 3 | 0 |
| 8 | इंसुलेटेड वेहिकाल | 16 | 11 | 14 |
| 9 | आइस बॉक्स के साथ थ्री व्हीलर | 7 | 14 | 13 |
| 10 | आइस बॉक्स वाली मोटरसाइकिल | 15 | 1 | 16 |

*****